

02

सरल, सहज और सादगी के धनी पलवल एडीसी हितेश की हो रही है चौतरफा प्रशंसा

आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

कार्यक्रम आयोजित करने से बच्चों की प्रतिभाएं आती है सामने: आनंद



महानगर संस्करण

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, रविवार, 29 जनवरी 2023

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, शुक्ल पक्ष अष्टमी, मूल्य, 2.00 रुपए


# पूर्व छात्र व्याख्यान का किया आयोजन

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के अंग्रेजी विभाग ने शनिवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में बीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों के लिए पूर्व छात्र व्याख्यान का आयोजन किया। हमारी पूर्व छात्रा, कविता ने ध्वन्यात्मकता और सही उच्चारण की आवश्यकता पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने द्वितीय वर्ष के छात्रों को ध्वनि प्रतीकों के बारे में समझाया। व्याख्यान से 100 से अधिक छात्र लाभान्वित हुए। एलुमनाई व्याख्यान का समन्वय संकाय सदस्यों, डॉ. सारिका, डॉ. इनायत, विजया और शैली द्वारा मैडम कमल टंडन, विभागाध्यक्षा, अंग्रेजी विभाग की देखरेख में किया गया था। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने इस तरह के व्याख्यान आयोजित करने के लिए विभाग को बधाई दी।